प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज 3 लाख 96 हजार से अधिक विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्ति : कहा– वन नेशन वन स्कॉलरशिप से हर पात्र विद्यार्थी को मिलेगा लाभ।
2. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज गाजियाबाद में कहा– जीएसटी सुधारों से देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति।
3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल देश के पहले स्वदेशी 4जी नेटवर्क को करेंगे राष्ट्र को समर्पित : प्रदेश के 240 गांवों को पहली बार मिलेगी हाई–स्पीड डिजिटल कनेक्टिविटी।

और

4. अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में ध्वजारोहण समारोह की तैयारियाँ तेज़ : 25 नवंबर को होने वाले समारोह मं आएंगे करीब 10 हजार विशिष्ट अतिथि।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में छात्रवृत्ति वितरण समारोह के अंतर्गत 3 लाख 96 हजार से अधिक विद्यार्थियों को 89 करोड़ 96 लाख रुपए की धनराशि का हस्तांतरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017–18 के मुकाबले आज वर्ष 2025–26 में प्रदेश में छात्रों को मिलने वाली

स्कॉलरशिप की धनराशि दोगुनी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हर छात्र को छात्रवृत्ति प्राप्त हो सके, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वन नेशन वन–स्कॉलरशिप की व्यवस्था भी लागू करने जा रहे हैं। बाइट....

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति जिसे प्रधानमंत्री जी ने दो हज़ार बीस में लागू किया। ये राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी हर छात्र और छात्रा को स्कूल तक पहुँचाने, इसके लिए उसे सुविधा संपन्न करने और ड्रॉपआउट रेट को न्यूनतम स्तर पर पहुँचा कर के शिक्षा को सर्वसमावेशी बना देना। अब आने वाले समय में ओने नेशन ओने स्कॉलरशिप की व्यवस्था यानि एक साथ स्कॉलरशिप एक क्लिक से छात्र के स्कूल में एडमिशन लेते ही छात्रवृत्ति उसके अकाउंट में पहुँची।*

———————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज गाजियाबाद के एक निजी शिक्षा संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर श्री प्रधान ने कहा कि विकसित भारत का सपना पूरा करने की ज़िम्मेदारी देश के युवाओं के ऊपर है। वहीं जीएसटी सुधारों को देशहित में बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। बाइट.....

*जीएसटी अत्यंत ग्रहण हुआ है। समाज में जीएसटी आज सरल हो चुकी है। चार स्लैब से ये दो स्लैब तक पहुंच चुकी है। अनेक चीजों में सामान्य लोगों की गरीबों की, मध्य वर्गीयों की विशेष करके विद्यार्थियों की अनेक रोजमर्रा की आवश्यकता है। जीरो टैक्स ब्रैकेट में आ चुका है। नोटबुक जीरो टैक्स पर आ गया है। पेंसिल जीरो टैक्स पर आ गया है। इनमें से पढ़ाई बढ़ेगी। लोग आगे बढ़ेंगे।*

———————

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार देश की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इस महीने की 22 तारीख से लागू हुए नए ढांचे के अंतर्गत जीएसटी परिषद ने 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 28 प्रतिशत की पूर्व की चार–स्तरीय संरचना को सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना बना दी है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत नोटबुक, ग्राफ बुक, शार्पनर, पेंसिल जैसी स्टेशनरी वस्तुओं को पूरी तरह से कर मुक्त कर दिया गया है। 2500 रुपये से कम मूल्य के जूते पर भी इसी तरह की छूट दी गई है। इसके साथ ही सरकार ने लकड़ी, पत्थर और धातु से बनी मूर्तियों पर भी कर की दर घटकर 5 प्रतिशत कर दी है, जो पहले 12 प्रतिशत की दर का हिस्सा थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस महीने की 21 तारीख को नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, घरेलू उद्योगों, छोटे निर्माताओं, स्थानीय कारीगरों और एमएसएमई का समर्थन करने का आग्रह किया है। शिवांग के साथ सौम्य शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल देश के पहले स्वदेशी 4जी नेटवर्क को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही भारत दुनिया का पांचवां ऐसा देश बना जाएगा, जो अपना पूर्ण स्वदेशी 4जी टेलीकॉम स्टैक विकसित और लागू करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण लखनऊ में देखेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*ओडिशा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री पूरे देश में 97,500 मोबाइल टावर और 443 स्वदेशी टॉवरों का उद्घाटन करेंगे, जिस पर लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत आई है। इस क्रांतिकारी कदम से उत्तर प्रदेश के अब तक नेटवर्क से कटे 240 गांवों के 24 हजार से अधिक लोग पहली बार हाई–स्पीड डिजिटल कनेक्टिविटी का लाभ उठा पाएंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह महत्वाकांक्षी पहल न सिर्फ देशभर के दूरस्थ इलाकों तक, बल्कि उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती और पिछड़े क्षेत्रों तक भी डिजिटल सेवाएं पहुंचाएगी, जहां अब तक या तो मोबाइल कनेक्टिविटी बिल्कुल नहीं थी या फिर लोग केवल 2जी नेटवर्क तक ही सीमित थे। बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक यूपी ईस्ट अरुण कुमार गर्ग ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बीएसएनएल ने अब तक 6659 साइट्स पर 4जी सेवाएं स्थापित कर दी हैं। यूपी में भारत–नेपाल सीमा पर एसएसबी की 68 साइट्स मंजूर की गई हैं, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज ट्रांजिट विजिट पर कुशीनगर पहुंचे। गृह मंत्री आज दोपहर कोलकाता से विशेष विमान से कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचें। यहां उनका स्वागत सांसद विजय कुमार दुबे और स्थानीय विधायक पी एन पाठक ने किया। यहां से श्री शाह हेलीकॉप्टर से बिहार के लिए रवाना हुए।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसक साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के शिक्षा सलाहकार प्रोफेसर डी.पी. सिंह ने एटा में शिक्षाविदों और अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकार के 2047 तक के विज़न पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शिक्षा, रोजगार और नई शिक्षा नीति पर अपने विचार रखते हुए लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किए। बैठक में प्रोफेसर सिंह ने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, तभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव है। बाइट.....

*विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना में जो शिक्षा, कौशल विकास इसका जो महत्वपूर्ण योगदान है उसको भी पूरी तरह से चिन्हित करके उसके लिए उचित मानव संसाधन हमको विकसित करने चाहिए और उसी के तहत जो हमारे शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित है। पाँच विभाग है मिलकर के कार्य कर रहे हैं। पूरे प्रदेश के विकास के लिए और प्रदेश को जो है विकसित प्रदेश बनाने के लिए विश्व सैंतालीस तक किस किस तरह के मानव संसाधन की आवश्यकता होगी, उनको किस तरह की स्किल सेट्स की जरुरत होगी, उसी के अनुरूप हमारी शिक्षा व्यवस्था हो। ऐसा प्रयास किया जा रहा है।*

——————————

जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज सेवा पर्व की इस

विशेष श्रृंखला में हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने इंटरनेट क्रांति के माध्यम से संचार में बदलाव लाकर पूरे भारत में गाँवों, शहरोंऔर लागों को जोड़ा है।

*भारत में ब्रॉडबैंड की पहुंच और अगली पीढ़ी के मोबाइल नेटवर्क की तेज गति से डिजिटल क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है। इसमें महत्वपूर्ण योगदान है भारत नेट परियोजना का, जो डिजिटली सबको जोड़ रही है और इसके अंतर्गत ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिवटी दो लाख 18 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंच गई है। लगभग सात लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर के साथ इस डिजिटल जीवन रेखा नेई–शासन, शिक्षा और छोटे उद्यमों के द्वार सुदूर क्षेत्रों में भी खोल दिए हैं। 2014 के मुकाबले इंटरनेट डेटा की कीमतों में लगभग 97 प्रतिशत की कमी आई है। इसके साथ ही 5 जी कनेक्टिविटी के आने से भी बड़ा बदलाव आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में इंटरनेट क्रांति यह सुनिश्चित कर रही है कि डिजिटल भारत का वायदा हर घर तक पहुंचेऔर अपने साथ अवसर, गरिमा और भविष्य के लिए आशा लेकर आए। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।*

——————————

प्रदेश के एमएसएमई, खादी, हथकरघा और वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने आज यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आयोजित भारत–रूस बिजनेस डायलॉग को संबोधित किया। श्री सचान ने कहा कि यह आयोजन दोनों देशों के कारोबारी रिश्तों को नई ऊंचाई देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन से भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री सचान ने कहा कि भारत ने वर्ष 2025 के अंत तक रूस से

अपने व्यापार को 30 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है।

————————

अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह की तैयारियाँ तेज हो गई है। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष, नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन में 8 से 10 हजार विशेष अतिथि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस खास मौके पर मंदिर परिसर को हाईटेक लीनियर एलईडी लाइटिंग से सजाया जाएगा जिससे राममंदिर की आभा और भी दिव्य दिखेगी। बाइट.....

*आने वाला जो कार्यक्रम जो बहुत महत्वपूर्ण है पचीस नवम्बर का उसके बारे में भी विस्तार से चर्चा हुई की जो अलग अलग निर्माण ऐसी सम्बंधित एजेंसीज है उनको उस दिन किस प्रकार का कार्य पूर्ण करके और ऐसी स्थिति में लाना है कि लगभग आठ से दस हजार जो उस दिन आमंत्रित किए जाएंगे विशेष अतिथि उनके अनुसार उनकी सुविधा के अनुसार यहां पर मंदिर की सभी बातें जो हैं वो उपलब्ध होंगी।*

————————

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन प्रदेश भर के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वाराणसी के प्राचीन बागेश्वरी मंदिर में मां स्कंदमाता की भव्य मूर्ति भक्तों की आस्था का केंद्र बनी हुई है। मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी मंदिर में देश भर से भक्त दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

——————————

भारत ए टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए टीम को आज चार दिवसीय क्रिकेट मैच में 5 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ चार दिवसीय मैचों की श्रृंखला को भारत ने एक–शून्य से जीत लिया है।

(समाप्त)